संस्कृत - विभाग

सामाजिक जागरूकता कार्यशाला

आख्या

17/03/16

महाविद्यालय के सत्र 2015-16 में दिनाङ्क 17/03/16 संस्कृत विभाग में छात्राओं के लिए सम-सामाजिक मुद्दे पर विभागीय कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें बालिका शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता को मूल आध बनाकर संस्कृत विभाग के समस्त प्राध्यपकगण एव स्नातकोत्तर की छात्राओं द्वारा उपस्थित होकर ग्राम बादलपुर की बालिकाओं पर सर्वेक्षण किया गया। निम्न बिन्दु उजागर हुए -

1. ग्रामीण परिवेश में आज भी शिक्षा का अपव्यय एवं अवरोधन की समस्या बनी हुई है जिसमें बा. स्वयं पढ़ने के लिए इच्छुक नही है या पारिवारिक दब के कारण नहीं पढ़ पाती है।
2. पारिवारिक शैक्षिक परिवेश अति पिछड़ा हुआ है अभिभावक भी उतने शिक्षित नही हैं अत: रोजगार प्रति जागरूकता कम है।
3. बालिकाओं के शीघ्र विवाह कर दिये जाते हैं एव विवाहोपरान्त शिक्षा नही दी जा रही है।
4. ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक संस्थान, साइबर कैफे, इण्ट की सुविधाओं का अभाव है जिससे छात्राएं आधुनि तकनीकि ज्ञान से अनभिज्ञ हैं।

Scanned by CamScanner

5. परिवहन संसाधन उपलब्ध न होने से निरन्त
विद्यालय एवं महाविद्यालय आने में असमर्थ हं

6. गांव के आस-पास कोचिंग इन्स्टीट्यूड, ट्यूश
एवं पुस्तकों के दुकान का भी अभाव है जिससे
शैक्षिक साधन उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

उपर्युक्त समस्या का विश्लेषण कर
उसके समाधान की अवधारणा रखी गयी. छात्र
को अधिकाधिक सीखने हेतु जागरूक किया ग
शिक्षा आगे भी निरन्तर चलती रहे इसके लिए
इन्दिरा गांधी मुक्त वि० वि० एवं प्राइवेट स्नातक
स्नातकोत्तर किये जाने का सुझाव दिया गया
छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों को
विशिष्ट बी.टी.सी., बी. एड., नेट के बारे में जा
दी गयी। संस्कृत पुस्तक प्राप्ति के साधन
गये तथापि इण्टरनेट के बारे में भी सूक्ष्म ज
दी गयी।

इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ०
वाजपेयी की अध्यक्षता में छात्राओं के अन्य
समस्याओं का समाधान किया गया।
साथ ही डॉ० नीलम शर्मा एवं श्रीमती कन
के द्वारा बालिका शिक्षा एवं सामाजिक उत्थ

Scanned by CamScanner

हेतु अभिभावकों एवं छात्राओं को अभिप्रेरित किया गया।

इसके साथ यह भी संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सा जागरूकता एवं नवचेतना सम्बन्धित उपयोगी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

प्राचार्या

डॉ० दीप्ति वाजपेयी

डॉ० नीलम शर्मा

श्रीमती कनक लता

Scanned by CamScanner

'संस्थागत सामाजिक दायित्व'
के तहत बाल दिवस का आयोजन

14.11.18

स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री व बच्चों में चाचा नेहरू जी के जन्मदिवस के अवसर पर महाविद्यालय में ग्राम बादलपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय संख्या 01 तथा प्राथमिक विद्यालय संख्या-02 के छात्र व छात्राओं को महाविद्यालय के 'संस्थागत सामाजिक दायित्व' के क्रम में उनके अध्यापकों के साथ आमंत्रित किया गया।

छात्र / छात्राओं के इस अवसर पर नेहरू जी के जीवन से परिचित कराया गया। नन्हे-मुन्नों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों को इस अवसर पर गांधी गैलरी में गांधी के जीवन से भी छायाचित्रों के माध्यम से परिचित कराया गया।

इस अवसर पर लगभग 55 छात्र छात्राएँ उपस्थित हुए जिनमें लगभग 300 पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया गया। छात्र-छात्राएं सभी प्राध्यापकों का साथ पाकर अत्यंत अभिभूत हुए। छात्र-छात्राओं को जलपान करा कर विदाई दी। संस्था निकट भविष्य में भी संस्थागत सामाजिक दायित्व के कार्य करने को कृतसंकल्प है।

प्रति हस्ता०

14.11.18
प्राचार्य

डॉ० रश्मि कुमारी
(विभागाध्यक्ष)

Scanned by CamScanner

"जन-जागरूकता-अभियान" 24.01.19

कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर (गौतमबुद्ध नगर) के शिक्षक-शिक्षा विभाग की बी.एड.-प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा "तंबाकू और धूम्रपान का स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव" विषय पर दिनांक 24.01.19 को जन-जागृति अभियान (ग्राम बादलपुर में) चलाया गया।

इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षकों के निर्देशन एवं नेतृत्व में बी.एड. प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने ग्राम-बादलपुर के सभी निवासियों को तंबाकू एवं धूम्रपान के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

Department Incharge
B.Ed. Department
Km.Mayawati Govt. Girls P.G College
Badalpur (G. B. Nagar)

M.W.Raga

प्रभारी
विभाग / [illegible]
बी.एड. विभाग
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, बादलपुर गौतम बुद्ध नगर (उ०प्र०)

Date 01/02/2019 Page No.:

आज दिनाँक 01/02/2019 को बी.एड. द्वितीय वर्ष (2018-2019) ~~द्वारा~~ की छात्राओं द्वारा सामुदायिक कार्य ~~सुरू~~ कराया गया। महाविद्यालय प्राचार्या द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। छात्राओं को विभिन्न टोलियों में बांट कर ग्राम बादल पुर तथा साधोपुर में ले जाया गया। छात्राओं ने साक्षरता तथा ड्राप आउट संबंधी, स्वच्छता संबंधी, छोटा परिवार रखने से संबंधित, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित आंकड़े एकत्रित किये तद्नुसार ग्रामीणों से बातचीत कर सुझाव भी दिये।

स्वच्छता के अन्तर्गत छात्राओं ने कूड़े के निस्तारण की योजना पूछी तथा उनके परिवेश का निरीक्षण किया एवं उसके हिसाब से उनके घरों की मार्किंग रेटिंग स्केल पर की।

परिवार नियोजन से संबंधित आंकड़ा भी लिया व परिवार को नियोजित करने की योजनाओं व उपायों को ~~साझ~~ साझा किया।

साक्षरता के अंतर्गत उनके परिवार में सदस्यों की संख्या व उनके शिक्षा स्तर को ~~भी~~ भी अंकित किया।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अन्तर्गत परिवार में बेटियों की संख्या तथा उनके शैक्षिक स्तर इत्यादि के बारे में जाना तथा उनको जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में बी.एड विभाग के सभी प्राध्यापक डा० बलराम सिंह, डा० संजीव कुमार, डा० रतन सिंह, मो० वकार रज़ा, डा० ज्ञानेन्द्र सिंह तथा डा० सतीश भी शामिल रहे तथा छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डा० रमाकान्ति द्वारा किया गया।

Aanti

जनपद गौतमबुद्धनगर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा मतदान करने की वस्तुस्थिति :

महिलाऐं मतदान तो करती है किंतु लोकतंत्र से अनभिज्ञ !

एन.सी.आर. (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के सबसे करीब गौतमबुद्धनगर जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र के गॉवों में महिलाओं द्वारा किये जाने वाले मतदान का सर्वेक्षण किया गया। यह सर्वेक्षण कु.मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर गौतमबुद्धनगर की समाजशास्त्र विषय की अध्ययनरत छात्राओं ने डॉ. सुशीला, समाजशास्त्र विभाग के दिशा–निर्देशन में किया। यह प्रत्यक्ष और स्थलीय सर्वेक्षण है जो ग्रामीण क्षेत्र की वास्तविकता को उजागर करता है। सर्वेक्षण के तथ्य चौकाने वाले आयें हैं। उल्लेखनीय है कि जिस भारत की आत्मा गॉवों में बसती हैं वहॉ पर आज भी महिलाओं का शैक्षिक स्तर पुरूषों की अपेक्षा बहुत कम है। लगभग 60–68 प्रतिशत महिलायें ही शिक्षित है, जबकि पुरूष 89 प्रतिशत तक शिक्षित हैं। और यही कारण है कि महिलाओं की अशिक्षा का स्पष्ट प्रभाव मतदान की गुणवत्ता पर भी पड़ रहा है। यह ठीक है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलायें मतदान करने लगी हैं मगर उसमें गुणवत्ता का बेहद अभाव है। कथित महिलायें अपनी मर्जी से तो कुछ घरवालों की इच्छा के अनुरूप मतदान करती हैं। उनको उम्मीदवार के बारे में कोई जानकारी नहीं रहती। सर्वेक्षण से ये तथ्य भी संज्ञान में आये कि मतदान के अतिरिक्त लोकतंत्र का क्या महत्व है ? उसकी शक्ति क्या है ? इसकी तनिक भी जानकारी ग्रामीण महिलाओं को नहीं हैं। यथाः–ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन), वीवीपैट (वोटर वैरीफाईबल पेपर ऑडिट ट्रायल) मतदान दिवस, अधिकार, लोकतंत्र की शक्ति तमाम ऐसे विषय हैं जिनके बारे में ग्रामीण महिलायें आज भी अनभिज्ञ है। यद्यपि महिलाओं ने सर्वेक्षण के दौरान इस बात पर बेहद जोर दिया कि जो भी उम्मीदवार जीतें उसे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीक से रोजगार उपलब्धता, शिक्षा में सुधार,गॉव का विकास, नाले–नाली खडंजे, सडक की साफ–सफाई पर जरूर ध्यान देना चाहिए। सर्वेक्षण में आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में संयुक्त परिवार की अधिकता पाई गई हैं। यह हर्ष का विषय हो सकता है।

सर्वेक्षण सुझावः– स्पष्ट करना उचित होगा कि जो भी उम्मीदवार चुनाव लड़े उसकी शिक्षा, सम्पत्ति, सामाजिक सरोकार से सम्बंधित कार्य आदि का ब्यौरा बायोडाटा में स्पष्ट होना चाहिए और यदि किसी ने पूर्व में चुनाव जिस भी कॉन्स्टीटयून्सी से जीता है, उसमें क्या–क्या विकास के कार्य कराये इन तथ्यों की तस्वीर भी आमजन के समक्ष रखनी चाहिए, ताकि मतदाता गुण–अवगुण के आधार पर उम्मीदवार का चयन कर सके। इससे मतदान की गुणवत्ता तो बढेगी ही, साथ ही सही और सच्चे उम्मीदवार का चयन करना भी आसान होगा। इस प्रकिया के तहत लोकतंत्र और मजबूत होकर उभरेगा।

"यदि लोकतंत्र को मजबूत करना है
तो मतदान जरूर करना है।"

आचार्य
कु0 मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बादलपुर (गौतमबुद्धनगर)

Scanned by CamScanner

✆ 0120-2673010

समाजशास्त्र विभाग

कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

बादलपुर (गौतमबुद्ध नगर)-203207

पत्रांक :

आख्या

दिनांक 05/4/2019

सामाजिक सर्वेक्षण
सत्र 2018-19

महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की एम.ए. द्वितीय वर्ष की कुल 25 छात्राओं के द्वारा विषय "मतदान अधिकार एवं महिला निर्णय क्षमता : ग्रामीण महिलाओं के विशेष सन्दर्भ में" दिनाँक 02-04-2019 से 05-04-2019 तक समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. सुशीला के निर्देशन में सर्वेक्षण कार्य गौतमबुद्ध नगर जिले के अन्तर्गत दादरी तहसील के पाँच गाँवो बादलपुर, सादोपुर, डेरी मच्छा, आमका एवं धूम मानिकपुर में सर्वेक्षण कार्य कराया गया उक्त सर्वेक्षण के अन्तर्गत छात्राओं ने सर्वेक्षण अनुसूची के माध्यम से उपरोक्त वर्णित गाँवो में महिलाओं में मतदान अधिकार के प्रति जागरूकता एवं उनकी निर्णय क्षमता को जाँचा गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता का कार्य विभाग की छात्राओं द्वारा किया गया ।

प्रतिहस्ताक्षरित
प्राचार्या

डॉ. सुशीला
प्रभारी समाजशास्त्र

Scanned by CamScanner

ग्रामीण महिलाओं को प्रत्याशियों की जानकारी नहीं

प्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध नगर के बादलपुर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय की समाजशास्त्र की छात्राओं ने एक सर्वे किया। जिसमें यह बात सामने आई कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं मतदान तो करती है लेकिन वोट की शक्ति से वे अनजान हैं। उन्हें प्रत्याशियों के बारे में भी जानकारी नहीं होती है। प्रोफेसर डा. सुरीला ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 60-68 फीसदी महिलाएं शिक्षित हैं, जबकि पुरुष 89 फीसदी तक शिक्षित है। महिलाओं की शिक्षा का असर मतदान की गुणवत्ता पर भी पड़ रहा है। महिलाएं परिवार की इच्छा के अनुरूप मतदान करती हैं। उन्हें लोकतंत्र और उसके महत्व का भी ज्ञान नहीं है। शिक्षा के अभाव के चलते महिलाओं को चुनाव में उनके अधिकार का ज्ञान देने वाला भी कोई नहीं है। यही कारण है कि आज भी महिलाओं को बराबरी का हक नहीं मिला है। ईवीएम, वीपी पैट, मतदान दिवस अधिकार से ग्रामीण महिलाएं आज भी अनभिज्ञ है। सर्वे में महिलाओं ने कहा कि जो भी प्रत्याशी जीते उसे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से रोजगार उपलब्धता, शिक्षा में सुधार, गांव का विकास करने पर ध्यान देना चाहिए। ब्यूरो



सर्वेक्षण चित्रण



Scanned by CamScanner

राजनीति विज्ञान विभाग

राजदूत छात्राओं द्वारा किया गया क्षेत्रीय अध्ययन (तथ्य संकलन) एवं सामाजिक महत्व के कार्य

क्रमांक	सत्र	छात्रा का नाम	विषय / कार्य
1.	2016-17	कु. अंजू नागर एम.ए.III	ग्राम बादलपुर में महिला अधिकारों के प्रति जन जागरुकता
2.	2017-18	कु. काजल एम.ए.III	बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान संबंधी जनजागरुकता
3.	"	कु. टीना एम.ए.III	भारत में वर्षा जल के संरक्षण संबंधी जनप्रयत्न
4.	"	कु. तन्नू एम.ए.II	भारत में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी जनजागरुकता
5.	2018-19	कु. कविता पाण्डेय एम.ए.III	भारत में शिक्षा के अधिकार की स्थिति (ग्राम बादलपुर व सादोपुर में एक क्षेत्रीय अध्ययन)
6.	"	कु. श्वेता एम.ए.I	एम.ए.I, II की छात्राओं के मतदाता पहचान-पत्र बनवाने में सहायता की गई।

डॉ. आभा सिंह
विभाग प्रभारी

डॉ. ममता उपाध्याय
निर्देशिका
एसो. प्रो., रा. वि.

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner







Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner



Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner